राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015

टेलीफोन नं. 0141–2706830, 2941098 ,ई–मेल:–rajscoutguide@yahoo.com

क्रमांकः– प– ( )रा.मु./21–22/ 7729. दिनांकः 04/03/2022 .

सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट)
मण्डल मुख्यालय, उदयपुर/जोधपुर/कोटा।

विषयः– स्काउट/गाइड राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव–बांसवाड़ा 21 से 25 अप्रैल, 2022

महोदय,

विषयान्तर्गत निवेदन है कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर द्वारा जनजाति क्षेत्र के बालक–बालिकाओं के उत्थान एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए स्काउट/गाइड राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का आयोजन दिनांक 21 से 25 अप्रैल,2022 तक बांसवाड़ा में किया जा रहा है। विस्तृत सूचना निम्न प्रकार हैः–

1	**गतिविधि का नाम**	स्काउट/गाइड राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव–बांसवाड़ा
2	**तिथियाँ**	21 से 25 अप्रैल, 2022 तक
3	**स्थान**	लियो इन्टरनेशनल शिक्षण संस्थान, बांसवाड़ा (राजस्थान)
4	**पहुॅच**	सभी सम्भागियों को दिनांक 20 अप्रैल 2022 को सांय तक शिविर स्थल पर पहुँचना आवश्यक होगा। बस से आने वाले सभी संभागी लियो सर्किल या नया बस स्टेण्ड, बांसवाड़ा पर उतर कर शिविर स्थल पहुॅच सकते है। **पूर्व सूचना देने पर निःशल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।**
5	**सम्पर्क**	श्री दीपेश शर्मा, – CO(S) बांसवाड़ा 08003097184
6	**शुल्क**	पंजीकरण शुल्क 100/– रूपये प्रति स्काउट/गाइड/यूनिट लीडर (यह राशि जनजाति मद से संबंधित जिला मुख्यालय द्वारा देय होगी)
7	**भोजन व्यवस्था**	दिनांक 20 से 25 अप्रैल, 2022 को दोपहर तक की भोजन व्यवस्था राज्य संगठन द्वारा निःशुल्क की जावेगी।
8	**यात्रा व्यय**	(अ) राजस्थान के सम्भागियों को द्वितीय श्रेणी का रेल किराया अथवा साधारण बस के वास्तविक **किरायें का भुगतान मूल टिकिट प्रस्तुत करने पर इस शिविर के दौरान कर दिया जावेगा।(तत्काल आरक्षण, डिलक्स, वोल्वो, वातानुकूलित बस एवं रेल से यात्रा का किराया देय नहीं होगा**) बस टिकिट एवं रेल टिकट में किसी प्रकार की कटिंग एवं ओवर राइटिंग को स्वीकार नहीं किया जावेगा। (ब) राजस्थान के अलावा बाहर के अन्य राज्यों से आने वाले सम्भागियों को अधिकतम 1000/रू प्रति सम्भागी रेल/बस किराये का भुगतान किया जा सकेगा। इसके लिए उन्हे टिकिट की फोटो प्रति जमा करानी होगी।
9	**योग्यता**	जनजाति क्षेत्र के वे स्काउट्स/गाइड्स, जिन्होंने कम से कम द्वितीय सोपान पाठ्यक्रम उर्त्तीण कर लिया है। राज्य पुरस्कार/राष्ट्रपति अवार्ड स्काउट/गाइड को प्राथमिकता दी जावे।
10	**आवंटित संख्या**	(see table below)

(अ) राजस्थान से–		स्काउट		गाइड		योग	
क्रं. सं.	विवरण	पेट्रोल	संभागी	पेट्रोल	संभागी	पेट्रोल	संभागी
1.	बांसवाड़ा	7	70	7	70	14	140
2.	डूगंरपुर	7	70	5	50	12	120
3.	प्रतापगढ़	6	60	4	40	10	100
4.	चित्तौडगढ़	5	50	2	20	7	70
5.	उदयपुर	5	50	2	20	7	70
6.	राजसमंद	3	30	2	20	5	50
7.	बांरा	4	40	1	10	5	50
8.	सिरोही	3	30	2	20	5	50
9.	पाली	3	30	2	20	5	50
(ब)	अन्य राज्यो से –	10	100	10	100	20	200
(स)	रोवर्स, रेंजर्स एवं स्टाफ	7	70	3	30	10	100
	योग	**60**	**600**	**40**	**400**	**100**	**1000**

(प्रत्येक पेट्रोल में 09 स्काउट्स/गाइड्स एवं 01 स्काउटर/गाइडर होगा)

11	आवश्यक सामग्री	**(अ) व्यक्तिगत** : APRO II/III के अनुसार स्काउट/गाइड पूर्ण गणवेश, मौसम के अनुसार बिस्तर, बदलने के कपड़े, व्यक्तिगत रूप से खाने पीने के बर्तन (प्लेट, ग्लास, चम्मच, कप) तथा दैनिक उपयोग की सामग्री –(मंजन, साबुन, तेल, कांच, कंघा, पानी की बोटल, टार्च, चाकू, सूतली, रस्सी, नोटबुक, पैन, पेन्सिल, रबड़, सूई, धागा, बटन आदि)। इसी के साथ अपने प्रदेश की स्थानीय परम्परागत पौशाक, नकली गहने, वाद्ययंत्र एवं व्यक्तिगत/सामूहिक प्रतिभा प्रदर्शन के लिऐ अवश्यक सामग्री साथ लावें। गाइड्स के लिए स्काउट्स की गणवेश पहनने का विकल्प रहेगा। **(ब) पैट्रोल किट** : बाल्टी, जग, पानी का कैम्पर, परात, भगोना मय ढक्कन, चम्मच, चाय की केतली, फर्श तथा समूह गतिविधियों में प्रदर्शन के लिए–मेला, प्रदर्शनी, फूड प्लाजा, उत्सव, पर्यटन, दर्शनीय स्थलों के पोस्टर, झांकी, शिविर कला, साज सज्जा आदि से सम्बधित सामग्री लाना आवश्यक है।
12	गतिविधियाँ एवं प्रदर्शन	स्काउट गाइड राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव में व्यक्तिगत एवं पेट्रोल स्तर की निम्नांकित गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इस के लिए आवश्यकता की सामग्री साथ लावें– **(अ) पेट्रोल गतिविधियाँ** :– (1) शिविर कला (कैम्प क्राफ्ट) (2) कैम्प फायर (3) लोक नृत्य एवं लोकगीत (4) जनजाति फूड प्लाजा (5) झांकी प्रदर्शन (6) जनजाति परम्परागत मेला (7) ग्रामीण मेला, हैण्डी क्राफ्ट एवं प्रदर्शनी (8) साहसिक गतिविधियॉ (9) कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ (10)परम्परागत कलाकारी एवं रंगोली (11) वेशभूषा (12) पद यात्रा(नगर भ्रमण) **(ब) व्यक्तिगत प्रतियोगिताएं** –पोस्टर बनाना,निबन्ध लेखन,नारा लेखन,भाषण, डांस, मार्शल आर्ट, वाद्ययंत्र, युवा सांस्कृतिक प्रतिभा खोज, साहसिक एवं फन (Fun) गतिविधियाँ आदि। **(स) विशेष आर्कषण** – जनजाति कुम्भ मेला स्थल बेणेश्वर धाम, त्रिपुरा सुन्दरी एवं सांई मन्दिर के दर्शन आदि सम्मिलित है।
13	आवेदन की अन्तिम तिथि	चयनित स्काउट्स/गाइड्स के नामों की सूची राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, बजाज नगर, जयपुर के ई–मेल rajscoutguide@yahoo.com को भेजते हुए एक प्रति जिला मुख्यालय, बांसवाड़ा के ई–मेल deepeshscout90@yahoo.in पर दिनांक 10 अप्रैल, 2022 तक आवश्यक रूप से भिजवाऐं।

अतः निवेदन है कि आपके मण्डल से जनजाति क्षेत्र के स्काउट्स/गाइड्स को इस सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम के लिए योग्य सम्भागियों का चयन कर सहभागिता करावें। जिससें इस स्काउट गाइड राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का भव्य आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

सधन्यवाद।

भवदीय,

(गोपाराम माली)
राज्य संगठन आयुक्त(स्काउट)
मो.न.– 8003097180

क्रमांकः– प– ( )रा.मु./21–22/7730-40 दिनांकः 04/03/ 2022

प्रतिलिपि आवश्यक सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. माननीय स्टेट चीफ कमिश्नर महोदय, जयपुर।
2. आयुक्त, जनजाति क्षैत्रिय विकास विभाग, उदयपुर।
3. जिला कलेक्टर महोदय, बांसवाड़ा।
4. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, निदेशालय बीकानेर।
5. मण्डल मुख्यायुक्त महोदय, उदयपुर/कोटा/जोधपुर।
6. संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा), उदयपुर/कोटा/पाली।
7. जिला मुख्यायुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त।
8. सर्कल ओर्गेनाइजर (स्काउट/गाइड) जिला मुख्यालय उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, सिरोही, पाली व बांरा को प्रेषित कर लेख है कि आपके जिले से आंवटित संख्या अनुसार सहभागिता सुनिश्चित करावे।
9. लेखाकार, राज्य मुख्यालय, जयपुर।
10. सहायक प्रोग्रामर, राज्य मुख्यालय, वेबसाइट एवं ई–मेल करने हेतु।
11. संस्था प्रधान ....

राज्य संगठन आयुक्त(स्काउट)